हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 6 अगस्त 2026

04 सृजन कार्यक्रमः शिक्षा, संस्कार, कानून व सड़क सुरक्षा का मिला समग्र संदेश



07 प्रशासन का बड़ा चाबुक, अवैध रेत से भरे तीन ओवरलोड ट्रक जब्त



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

अनफिट स्कूल वैन धड़ल्ले से बच्चों को ढो रही, प्रशासन बेखबर

आरोन। नगर में आधा सैकड़ा के करीब अशासकीय स्कूल संचालित हैं, आसपास के गांव व मोहल्लों से बच्चों को ढोने का काम अनफिट वाहनों से किया जाता है जोकि जर्जर स्थिति में व घरेलू गैस से चलने वाले भी हैं। वाहनों में बैठने की क्षमता के मुताबिक बच्चों को ठूंसकर बिठाया जाता है।कभी भी खतरनाक हादसा हो सकता है चुकी ड्राइवर के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं रहती, प्रशासन बेसुध है। किसी बड़ी घटना का इंतजार है,ये स्कूल वैन मोहरी, सिरसी, मूंदड़ा, रामपुर, राजोद, राघोगढ़, गुना रोड चारों तरफ से धड़ल्ले से दौड़ रही है। राजेंद्र साहू,भागवत दांगी,कमलकिशोर ,गौरव झा,अरविंद साहू,नीलेश जैन,लखन रघुवंशी आदि ने स्कूल वाहनों की जांच कर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

रोजगार की संभावनाओं के साथ ओमकार कॉलेज में बढ़ी छात्रों की रुचि

गुना। वर्तमान समय में युवाओं का रुझान तेजी से ऐसे पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रहा है, जो शिक्षा के साथ-साथ बेहतर करियर और रोजगार की मजबूत संभावनाएं प्रदान करें। इसी कारण लॉ एवं मैनेजमेंट जैसे प्रोफेशनल पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभर रहे हैं। गुना, अशोकनगर शिवपुरी एवं राजगढ़ जिलों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस का रुख कर रहे हैं। लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थियों के लिए अधिवक्ता, न्यायिक सेवाएं, विधिक सलाहकार , कॉर्पोरेट लॉ, बैंक एवं बीमा क्षेत्र, विधि अधिकारी, सरकारी विभागों तथा विभिन्न आयोगों में करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। वहीं मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के बाद बैंकिंग, कॉर्पोरेट कंपनियों, वित्तीय संस्थानों, मानव संसाधन , मार्केटिंग, सेल्स, ऑपरेशंस, बिजनेस डेवलपमेंट, उद्यमिता तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त होते हैं। ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में लॉ एवं मैनेजमेंट की शिक्षा को उद्योग एवं रोजगार की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को एचपी थ्री-इन-वन प्रिंटर भेंट



चांचौड़ा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चांचौड़ा की संचालन समिति भक्तमाली शिक्षण समिति, चांचौड़ा के अध्यक्ष गोपाल पांडा ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं कार्यालयीन कार्यों की सुगमता के लिए 21,000 मूल्य का एच.पी. थ्री-इन-वन प्रिंटर विद्यालय को भेंट किया। प्रिंटर का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता संयोजक विभाग के तुलसीदास दुबे, व्याख्याता, बजरंगगढ़ के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दामोदर सेन (बी.ए.सी.), विद्यालय के आचार्य परिवार, अभिभावकगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के सहयोग से विद्यालयों की शैक्षणिक एवं संस्कारात्मक गतिविधियों को निरंतर गति मिलती है। समाज और विद्यालय का यह समन्वय राष्ट्रनिर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संचालन समिति के अध्यक्ष गोपाल पांडा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रिंटर विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं परीक्षा संबंधी कार्यों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन के साथ हुआ।

तीन मासूम बेटों के सिर से उठा पिता का साया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

हत्या या हादसा? छह दिन से लापता किसान का खेत में मिला क्षत-विक्षत शव

परिजनों ने महिला पर लगाए गंभीर आरोप, बोले- सुनियोजित तरीके से कराई गई हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कैंट थाना क्षेत्र के करोंद गांव में छह दिन से लापता 30 वर्षीय किसान का क्षत-विक्षत शव खेत में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव की हालत इतनी खराब थी कि घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए। मृतक के परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए एक महिला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

खेत में खाद डालने पहुंचे किसान ने देखा शव

मंगलवार शाम करोंद गांव निवासी रघुवीर अहिरवार अपने खेत में खाद डालने पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर खेत में पड़े एक शव पर पड़ी। पास जाकर देखा तो शव गांव के ही दीपक चिढ़ार का निकला, जो पिछले छह दिनों से लापता था। शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पूरे गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद कैंट थाना पुलिस को सूचना दी गई।

छह दिन से कर रहे थे तलाश, खेत में मिला शव

परिजनों के अनुसार दीपक बीते छह दिनों से लापता था। उसके अचानक गायब होने के बाद परिवार और रिश्तेदार लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को खेत में शव मिलने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव में भी शोक और दहशत का माहौल है। मृतक के पिता पप्पू चिढ़ार ने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए एक महिला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दीपक का उक्त महिला के घर आना-जाना था। घटना वाली रात महिला ने उससे कुछ रुपए मंगवाए थे। परिवार का दावा है कि दीपक ने रात करीब आठ बजे रुपए भिजवाए थे, लेकिन रात नौ बजे के बाद से उसका मोबाइल बंद हो गया और फिर उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों का आरोप है कि दीपक को पहले बुलाया गया और फिर सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। दीपक चिढ़ार खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके तीन छोटे बेटे हैं। उसकी मौत के बाद पत्नी, बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

पुलिस ने जुटाए साक्ष्य, हर एंगल से हो रही जांच

सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस मौत के कारणों की गहराई से जांच कर रही है। बता दें कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप उनकी शिकायत पर आधारित हैं। पुलिस ने अभी तक किसी आरोप की पुष्टि नहीं की है ,मामले की जांच जारी है।

पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच तथा घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों ने बिजली कंपनी पर लगाया लापरवाही का आरोप

खुली डीपी और नंगे तारों ने ली युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम धमनार में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां ट्रांसफार्मर (डीपी) की खुली पड़ी लाइनों में फैले करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम धमनार निवासी कैलाश जाटव (40), जो पुताई और मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे, बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे घर से गुना मजदूरी पर जाने की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान घर की बिजली गुल हो गई। लाइट सुधारने के उद्देश्य से कैलाश घर के पास ही स्थित ट्रांसफार्मर (डीपी) के पास गए, जहां खुले पड़े नंगे तारों में अचानक करंट आ गया और वे उसमें उलझ गए। हादसा होते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद प्लास्टिक के पाइप की मदद से कैलाश को तारों से अलग किया और अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बेटों को छोड़ गए हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

शिकायतों के बावजूद नहीं सुधारी खुली डीपी

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि गांव की यह डीपी लंबे समय से बेहद खतरनाक स्थिति में खुली पड़ी थी और इसके नंगे तार बाहर लटक रहे थे। इस संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों व क्षेत्रीय लाइनमैन से शिकायत की गई थी, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया।

हड्डीमिल इलाके में पेड़ से लटका मिला शव

सुसाइड नोट में 5 करोड़ का मुआवजा और 5 लोगों पर प्रताड़ना के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हड्डीमिल पानी की टंकी के समीप बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ग्राम सुमेर (मगराना) निवासी हरवीर जाटव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

घटना के संदर्भ में मृतक के भाई प्राण सिंह अहिरवार ने खुलासा करते हुए बताया कि हरवीर ने मौत से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा है। इस पत्र में करीब चार से पांच लोगों के नामों का जिक्र करते हुए उन पर गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं। सुसाइड नोट में मृतक ने मांग की है कि संबंधित आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए और उनके परिवार को आरोपियों से 5 करोड़ रुपये का मुआवजा दिलवाया जाए। शुरुआती छानबीन और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मामला अत्यधिक कर्ज और मानसिक तनाव से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर सुसाइड नोट को जांच में ले लिया है।

गर्ल्स टॉयलेट में घुसा अतिथि ग्रंथपाल एबीवीपी ने लॉ कॉलेज में किया प्रदर्शन

प्राचार्य को ज्ञापन देकर की निलंबन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शासकीय विधि महाविद्यालय (लॉ कॉलेज) परिसर में छात्राओं की निजता और सुरक्षा से खिलवाड़ का एक बेहद ही संवेदनशील और गंभीर मामला सामने आया है। महाविद्यालय के अतिथि ग्रंथपाल (लाइब्रेरियन) डॉ. मोहम्मद शाकिर पर छात्राओं के लिए आरक्षित शौचालय में प्रवेश करने का आरोप लगा है। इस कृत्य के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया और प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कानूनी एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

एबीवीपी पदाधिकारियों का कहना है कि आरोपी अतिथि ग्रंथपाल द्वारा गर्ल्स टॉयलेट में जाने का वीडियो साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध है, जो इस बात को साबित करता है कि छात्राओं की निजता और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया है। छात्र संगठन का कहना है कि यह घटना महाविद्यालय की मर्यादा को तार-तार करने वाली है। अगर ऐसे कृत्य करने वाले कर्मचारियों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो कॉलेज में पढऩे वाली छात्राओं के बीच भय, असुरक्षा और अविश्वास का माहौल पैदा होगा।

ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थी परिषद ने मांग रखी है कि वीडियो और अन्य उपलब्ध सबूतों के आधार पर मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसके लिए आरोपी कर्मचारी डॉ. मोहम्मद शाकिर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। साथ ही जांच के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की अमर्यादित हरकत करने का दुस्साहस न कर सके।

जंगल में शराब बेचने की फिराक में बैठी 5 पारदी महिलाएं गिरफ्तार

गुना। जिले कीम्याना थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गोपालपुर गांव के जंगल से 5 पारदी महिलाओं को दबोचा है। पुलिस ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार उसे मुखबिर से सूचना मिली थी कि पाटई और उमरी के बीच गोपालपुर के जंगल में कुछ महिलाएं अवैध शराब लेकर किसी ग्राहक का इंतजार कर रही हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कनेरा थाना धरनावदा निवासी सीताबाई पारदी (40), पुतलीबाई पारदी (40), पंखुड़ीबाई पारदी (20), रैला बाई पारदी (35) और चंदाबाई पारदी (40) को धर दबोचा। पुलिस को उनके पास मौजूद चार कैनों में कुल 100 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब मिली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10,000 रुपये है। महिलाओं ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे शराब अपने डेरों पर बनाकर आदिवासी बस्तियों में बेचने आई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खूंटे से 90 हजार की मुर्रा भैंस चोरी, 4 संदेहियों पर चोरी कराने का अंदेशा

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम खिरियामीना में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर के उसारे में बंधी 90 हजार रुपये की ग्याभिन मुर्रा भैंस पार कर दी। फरियादी हरिचरण मीना ने छोटे भाई शिवचरण के साथ थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार गत रात पूरा परिवार खाना खाकर सो गया था। देर रात करीब 1 बजे मवेशियों की आवाज सुनकर आंख खुली, तो देखा कि बड़े भाई पुरुषोत्तम की काले रंग की 5 वर्षीय मुर्रा भैंस गायब थी और खूंटे से कटी हुई रस्सी पड़ी थी। काफी तलाश के बाद भी भैंस का सुराग नहीं लगा। फरियादी ने ग्राम कुशमान के शत्रुधन कुशवाह, शिशुपाल यादव, राजेंद्र यादव और सूरज नायक पर भैंस चोरी करने का संदेह जताया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिला जेल में कलेक्टर ने परखी व्यवस्थाएं, सुरक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

नई बैरकों का निरीक्षण कर जांची निर्माण कार्य की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बुधवार को जिला जेल, गुना का निरीक्षण कर जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा उपलब्ध मूलभूत व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ई-प्रिजन प्रणाली, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था एवं निर्माणाधीन बैरकों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं का प्रभावी संचालन तथा निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ई-प्रिजन प्रणाली-वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था का किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने बंदियों की जानकारी के डिजिटलीकरण के लिए संचालित ई-प्रिजन प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने क्रिमिनल प्रोसीजर आइडेंटिफिकेशन एक्ट के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था का निरीक्षण कर इसके प्रभावी संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर कन्याल ने जिला जेल में बंदियों को



उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे।

कलेक्टर कन्याल ने जिला जेल परिसर में निर्माणाधीन दो नई बैरकों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जेल की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने जेल की समग्र व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को बंदियों के लिए बेहतर सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जेल अधीक्षक अतुल सिन्हा, उप जेल अधीक्षक जे.एस. बाथम, कुलदीप सिंह धाकड़ सहित जेल का समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

कलेक्टर ने की ODOP उत्पादों के अंतिम चयन व सुझावों की समीक्षा

जिले में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) के अंतर्गत प्रस्तावित उत्पादों के अंतिम निर्धारण एवं सुझावों के संबंध में बुधवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित उद्यानिकी, कृषि, वन, पर्यटन, पशुपालन, एमएसएमई, मत्स्य, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (MPIDC) द्वारा जिले के लिए प्रस्तावित विभागवार ODOP उत्पादों की सूची पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न विभागों से प्राप्त सुझावों एवं परीक्षण के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा अंतिम अनुशंसाओं को स्वीकृति प्रदान की गई, जिन्हें शासन को प्रेषित किया जाएगा। समीक्षा के दौरान उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत पिंक थाई अमरूद, धनिया एवं गुलाब उत्पाद, कृषि विभाग में चना, चिया सीड एवं मक्का, वन विभाग में तेंदूपत्ता एवं शहद, पर्यटन विभाग में बजरंगगढ़ किला, हनुमान टेकरी को शामिल करने पर सहमति व्यक्त की गई।

म्याना क्षेत्र में तीन स्थानों पर खूनी संघर्ष

मजदूरों की उधारी और जमीन विवाद पर चले ईंट व डंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन अलग-अलग स्थानों पर रंजिश, लेन-देन और पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहला मामला खैरीखता पेट्रोल पंप के पास का है, जहां मजदूरों को रुपये देने की बात को लेकर हुए विवाद में शेरपुर निवासी श्याम सिंह शिकारी ने भैंसाटोरी निवासी पप्पू शिकारी के साथ गाली-गलौज करते हुए ईंट और लात-घूंसों से हमला कर दिया। हमले में पप्पू शिकारी के कान, नाक और घुटने में गंभीर चोटें आई हैं।

दूसरा घटनाक्रम त्रिवेणी मोहल्ला म्याना का है, जहां खिरिया निवासी दीपक शर्मा जब जगदीश शर्मा से उधारी के पैसे मांगने गए, तो विवाद बढ़ गया। इस दौरान जगदीश शर्मा, गिर्राज शर्मा और जीतू शर्मा ने अश्लील गालियां देते हुए उन पर डंडे और लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे दीपक के सिर से खून बहने लगा। उनकी पत्नी ज्योति शर्मा ने बीच-बचाव कर जान बचाई। वहीं तीसरी वारदात ग्राम बेटांडा की है, जहां जमीन में हिस्सा मांगने की बात पर भतीजे राजेश भील और उसके साथी इंदर भील ने अपने चाचा रतन भील पर हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए रतन भील पर डंडों से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उनके कान और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। म्याना पुलिस ने तीनों मामलों में शिकायतकर्ताओं की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

समाचार संक्षेप

एसडीएम ने जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

आरोन। मुख्यमंत्री डॉक्टरमोहन यादवके निर्देश अनुसारप्रत्येक मंगलवार कोशासकीय विभागों में जनसुनवाई के माध्यम सेलोगों समस्याओं के लिए दिए गए निर्देश के अनुसारप्रत्येक मंगलवार कोजनसुनवाईकार्यक्रम के अंतर्गत तहसील आरोन परिसर में एसडीएम मंजूषा खत्रीएवं समस्तविभागोंके अधिकारियोंकी मौजूदगी मेंजनसुनवाई कार्यक्रम आयोजितकिया गया।



जिसमें लोगों कीसमस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम मंजूषा खत्री द्वारा संबंधित विभाग केअधिकारी कर्मचारीको तत्काल समस्या का निराकरण करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। वहीं दूसरी जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याका निराकरण करने के एसडीएम द्वाराआश्वासन दिया गया। जिसमें जनसुनवाई में पहुंची अनीता जैन ने अशोकनगर सड़क मार्ग के किनारे नाली निर्माण कराया जाने के लिए आवेदन दिया।वहीं दूसरी ओर घनश्याम रघुवंशी ने सरस्वती कॉलोनी के वार्ड वासी को रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन देकर एसडीएम आरोन सेतत्कालसमस्या का निराकरण करने के लिए गुहार लगाई। ऐसी अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम मंजूषा खत्री ने लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए आश्वासन दिया।

15 अगस्त की तैयारियों में जुटा प्रशासन एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

चाचौड़ा। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम अमित सोनी ने बुधवार को शासकीय विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए सभी विभाग इसे पूरे उत्साह, गरिमा और अनुशासन के साथ मनाएं तथा निर्धारित समय पर ध्वजारोहण सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने कार्यालयों में समय पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही कानून-व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की भी समीक्षा की।उन्होंने सरकारी भवनों की रंगाई-पुताई, मुख्य मार्गों पर तिरंगा सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को विद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रभात फेरी, निबंध, भाषण प्रतियोगिता एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को समारोह स्थल पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम अमित सोनी ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल एवं गरिमामय ढंग से आयोजित करने की अपील की।

वीडियो कॉल करके शोक श्रद्धांजलि की अर्पित

कुम्भराज। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्व. राजेन्द्र कासट के देवलोकगमन पर उनके कनिस्ट पुत्र भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित कासट से वीडियो कॉल कर वर्चुअल शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि स्व. कासट विगत 19 जुलाई को बाथरूम में पैर फिसलने पर गिर गए थे जहां इंदौर की एक चिकित्सालय में उपचार के दौरान ऑपरेशन भी किया जा चुका था। लेकिन देव शयनी एकादशी की रात्रि को अचानक ही उनका निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में राजनीति, प्रशासन, व्यापारी, मजदूर आदि हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पुलिस एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल, अधिकारियों ने विद्यार्थियों से किया प्रेरक संवाद

सृजन कार्यक्रमः शिक्षा, संस्कार, कानून व सड़क सुरक्षा का मिला समग्र संदेश

संदीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार 'सृजन कार्यक्रम' का आयोजन कलेक्टर किशोर कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरवय विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार, कानून, व्यक्तिगत सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, उप निरीक्षक ज्योति राजपूत, उप निरीक्षक चंचल तिवारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आशीष टांटिया के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किशोरवय विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। जानकारी एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव में कई बार बच्चे भय, भ्रम अथवा गलत संगति का शिकार हो जाते हैं।ऐसे समय में बच्चों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं संरक्षण संबंधी कानूनों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार अपनाने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त पहल 'सृजन कार्यक्रम' विद्यार्थियों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान और उनके मार्गदर्शन का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में सही और गलत का अंतर समझाकर उचित मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि दूसरों के साथ वैसा व्यवहार कभी न करें, जैसा व्यवहार आप स्वयं अपने साथ नहीं चाहते। साथ ही कानून का सम्मान करने, अनुशासित जीवन जीने तथा किसी भी गलत गतिविधि से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि एक छोटी-सी गलती भी भविष्य, शिक्षा एवं करियर को प्रभावित कर सकती है।

स्वास्थ्य विभाग के नहीं सुधर रहे हालात, तत्काल सुधार की मांग

पार्षद सुषमा नामदेव ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाचौड़ा की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज की वरिष्ठ पार्षद (एल्डरमैन) सुषमा नामदेव ने खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की है। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी, प्रसव सेवाओं के बंद होने, आवश्यक दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों के अभाव, साफ-सफाई की खराब स्थिति तथा कर्मचारियों के अन्यत्र अटैचमेंट जैसे गंभीर मुद्दे उठाए। ज्ञापन में रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति, 24×7 महिला नर्सों की तैनाती, प्रसव सेवाओं को पुनः शुरू करने, दवाइयों की नियमित उपलब्धता, आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने तथा कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई। पार्षद ने कहा कि चाचौड़ा सहित आसपास के 40 से अधिक गांवों के हजारों नागरिक इस अस्पताल पर निर्भर हैं, इसलिए स्वास्थ्य विभाग को जनहित में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रवचन माला में बोले मुनिश्री- संत की अंतिम कमजोरी होती है ख्याति के पीछे भागना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



आचार्य विद्यासागर भवन राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत आदमी की कीमत विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए महान तपस्वी बुंदेली महाकवि प्रखर वक्ता मुनि श्रमण सागर महाराज ने आदमी को आज ज्ञान नहीं है कि कौन सा कदम उठाने के लिए समय उपयुक्त होगा तब तक उस आदमी की कीमत नहीं होती है। आपने कहा आपकी व्यवहारिक कीमत बढ़े इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उदाहरण देते हुए कहा तीन सगे भाई ऊपर से एक से देखते हैं, जरूरी नहीं है कि वह अंदर से भी एक से हों।

आज हम सत्य तो बोल देते हैं मगर यह ध्यान नहीं रखते हैं कि सत्य को उद्घाटित करने का समय कौन सा उपयुक्त है। वर्तमान में हर व्यक्ति ख्याति लाभ की ओर बढ़ रहा है अपने आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रवचनों का उल्लेख करते हुए कहा आचार्य ने कहा था संत की अंतिम कमजोरी है ख्याति के पीछे भागना। मुनि श्री ने कहा सत्य परेशान होता है सत्य हारता नहीं है। सत्य को निडर होकर कहने के लिए साहस चाहिए, तरीका चाहिए और सत्य को किस समय पर कहना है यह विवेक भी होना चाहिए। आपने कहा आपका जन्म जैन कुल में हुआ है। मगर आपको इसका गर्व नहीं है कि मैं जैन हूं। आपके पड़ोस में जो रहते हैं वह गर्व से कहते हैं कि हमारे पड़ोसी जैन है। जैन कुल में जन्म लेकर जैन धर्म के अनुरूप आचरण करने की प्रेरणा मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने धर्म सभा में दी। राघौगढ़ नगर में मुनि श्रमण सागर जी, मुनि ओंकार सागर जी महाराज का चातुर्मास अपूर्व धर्म प्रभावना के साथ चल रहा है। प्रतिदिन प्रात 8:30 बजे से मुनिश्रमण सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन होते हैं।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने लिया संरक्षण का संकल्प

350 फलदार पौधों से महका शासकीय पॉलिटेक्निक परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़।



हरियाली को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अनुमेष किरण सेवा न्यास, दर्द सोसाइटी राघौगढ़ एवं शक्ति सेतु कल्याण सेवा समिति राघौगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, राघौगढ़ में 350 फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संरक्षण प्राचार्य के. आर. डेहरिया ने किया। कार्यक्रम में दर्द सोसाइटी के संस्थापक एवं समाजसेवी योगेंद्र भारिल तथा पंकज कुमार दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं अतिथियों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में आम, जामुन, अमरूद, नीम सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला तथा सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।अपने प्रेरक उद्बोधन में योगेंद्र भारिल ने कहा कि एक वृक्ष केवल पर्यावरण ही नहीं बचाता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो हमारा क्षेत्र शीघ्र ही हराभरा बन सकता है। पंकज कुमार दीक्षित ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वृक्षारोपण को केवल एक कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे जीवन का संस्कार बनाएं और लगाए गए प्रत्येक पौधे को जीवित रखने की जिम्मेदारी निभाएं। प्राचार्य के. आर. डेहरिया ने कहा कि पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा करना है। विद्यार्थी अपने-अपने लगाए पौधों को पूरे वर्ष सहेजेंगे, तभी वे विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के. एन. सैनी ने सभी अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं, महाविद्यालय परिवार एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

उच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत

सितंबर में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराए सरकारः एनएसयूआई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा छात्रसंघ चुनाव संबंधी जनहित याचिका पर दिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा राज्य शासन को शैक्षणिक कैलेंडर 2026-27 के अनुसार सितंबर माह में छात्रसंघ चुनाव आयोजित कराने के निर्देश देना मध्यप्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है।

अभिजीत रघुवंशी ने कहा कि अब राज्य सरकार के पास यह सुनहरा अवसर है कि वह न्यायालय की भावना का सम्मान करते हुए छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से आयोजित करे, जिससे प्रदेश का प्रत्येक नियमित विद्यार्थी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने प्रतिनिधियों का सीधे चुनाव कर सके। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष प्रणाली में प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं अपने महाविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं सहसचिव का चुनाव करता है। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव एवं विश्वविद्यालय कार्यकारिणी के प्रतिनिधियों के चुनाव में भी सीधे मतदान करता है। इस व्यवस्था से प्रत्येक छात्र-छात्रा को महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय दोनों स्तरों पर नेतृत्व चुनने का समान लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त होता है। अभिजीत रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि एनएसयूआई की मांग केवल छात्रसंघ चुनाव कराने की नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की है, ताकि प्रदेश का प्रत्येक विद्यार्थी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सीधे भाग लेकर अपने प्रतिनिधियों का चयन कर सके।

भाजपा मंडल की बैठक संपन्न



शाढौरा। भारतीय जनता पार्टी शाढ़ौरा मंडल की बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी श्यामाप्रसाद मुखर्जी,के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की एवं नगरपरिषद में नव नियुक्त एल्डरमेन जिनमें डॉ भरत जैन,संजीव रघुवंशी जी का स्वागत किया एवं भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा में नवनियुक्त पदाधिकारी जिसमें जिला कोषाध्यक्ष हरिओम कुशवाह, मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव का भी स्वागत किया इस अवसर पर मंडल प्रभारी सुनील सिंह महिदपुर, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी,नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, पूर्वजिला मंत्री वीरेंद्र सिंह कनारी ,वरिष्ठ नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिंह रघुवंशी वरिष्ठ नेता रणवीर सिंह झीला ,मुकेश शर्मा,सुरेंद्र सिंह सेजी,मंडल महामंत्री मुनेश अहीरवार,उपाध्यक्ष भूपेन्द्र दुबे,शिवराज रघुवंशी ,भास्कर सिंह रघुवंशी,ब्रजमोहन सिंह बगुल्या,रघुवीरसिंह फरदाई,संजय चैरसिया,चन्द्रप्रकाश पहाड़ा,जयपाल यादव परवई कल्याण सिंह यादव पद्मघटा,रघु शर्मा, नफीस खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे मंच संचालन हर्षित जैन ने किया।

कृषि स्थाई समिति की बैठक संपन्न हुई

अशोकनगर। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभापति शीतल कलावत, सदस्य बाई साहब यादव, सहयोजित सदस्य/विषय विशेषज्ञ अनिल रघुवंशी, सहयोजित सदस्य/विषय विशेषज्ञ अभिषेक रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि चन्देरी सतेन्द्र कलावत उपस्थित हुए। कृषि विभाग एवं सहायक विभाग पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, सहकारिता, बीज निगम, एम.पी.एग्रो, लीड बैंक एवं विद्युत विभाग से विभाग प्रमुख एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों को वर्ष 2026-27 में प्राप्त लक्ष्यों के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई जिसमें समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कृषि स्थाई समिति से सभापति एवं सदस्यगणों द्वारा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

ऑटो यूनियन ने किया नवाचार, दो दर्जन से अधिक बनाए चौराहा प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ऑटो यूनियन ने नवाचार करते हुये ऑटो व यात्रियों से संबंधित समस्याओं के निपटारे के लिए ऑटो चालकों को चौराहा प्रभारी बनाकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। यूनियन ने एक विशेष बैठक का आयोजन किया। बैठक में यूनियन के अध्यक्ष अशोक शर्मा बानोरा के मार्गदर्शन में यूनियन उपाध्यक्ष श्याम शर्मा देरखा द्वारा संगठन को मजबूत बनाने के लिए कमेटी का पुनर्गठन कर पदाधिकारियों को चैराहों की भी जिम्मेदारियों सौंपी गईं। साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए। ऑटो यूनियन कमेटी में अध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष श्याम शर्मा, सचिव विमल मोया, सहायक सचिव गोपाल रजक व रवि लोधी आमंत्रित सदस्य बनाये गये। पांच महामंत्री बनाये गये जिसमें गोविंद पटेल को छोड़कर गुड्डा खान, भोला साहू, शाबिर खान, अंकित योगी को रेल्वे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर एक की का प्रभारी बनाया गया है। मीडिया प्रभारी सौरभ साहू, जीतू रजक गोरा बने। सभी पदाधिकारी संगठन की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही स्टेशन व चैराहों की भी व्यवस्थाओं को देखेंगे और समस्या होने पर यूनियन को सूचित करेंगें। गांधी पार्क चैराहा की जिम्मेदारी संजू नामदेव, वीकेश रजक, महेंद्र रजक देखेंगे। इसी तरह सेन चैराहा का प्रभार सुन्ना रजक, सीताराम रजक रोहित रजक, धर्मकांटा दिनेश अहिरवार, रामेश्वर लोधी, बस स्टैंड प्रभारी अरविंद रजक, राजू रजक, बल्लू अहिरवार आदि को बनाया प्रभारी।

सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश

ईसागढ़ में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन ईसागढ़ में जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा ने विभिन्न शैक्षणिक एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कक्षा-वार नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण, अपार आईडी निर्माण, उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के माध्यम से असाक्षर व्यक्तियों का चिन्हांकन एवं पंजीयन, एक पेड़ माँ के नाम अभियान, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान तथा नशा मुक्ति अभियान को प्रत्येक विद्यालय में प्रभावी रूप से संचालित करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा एवं जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा ने अधिकारियों एवं प्राचार्यों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

भाजपा पछार मंडल की कामकाजी बैठक

अशोकनगर। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में बुधवार को भाजपा पछार मंडल की कामकाजी बैठक स्थानीय सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित की गई।



उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, साथ ही केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं तथा विकास कार्यों को अंतिम छोर के व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह, पछार मंडल के प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी,मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री नंदलाल यादव, जिला कोषाध्यक्ष मनोज जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष लखन यादव, पार्षद प्रमेंद्र तायडे जॉर्ज, विष्णु शर्मा अजय सेन डॉ रामकुमार ओझा, शिवराम पथरिया, इशू राय सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिले में किसानों को डबल लॉक केन्द्र से यूरिया का सतत वितरण जारी

अशोकनगर। बुधवार को डबल लॉक केंद्र अशोकनगर पर यूरिया उर्वरक का वितरण किया गया। वितरण हेतु राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई, किसानो की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क स्थापित कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई, जिनके द्वारा कृषकों को उर्वरक वितरण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उर्वरक वितरण केंद्र पर छाया हेतु टेंट की व्यवस्थाएं भी की गई। पीने के पानी आदि की व्यवस्था भी की गई। डबल लोक केंद्र अशोक नगर से आज दिनांक को लगभग 1100 कृषकों को यूरिया उर्वरक वितरण का कार्य किया गया है। मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोकनगर इसरार खान तहसीलदार आलोक श्रीवास्तवत आदि रहे मौजूद।

विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन की बैठक



अशोकनगर। विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसिएशन अशोकनगर शाखा के अध्यक्ष अजित कुमार जैन सचिव मदन मोहन माली ने बताया कि को मासिक बैठक जय वीर सिंह यादव के फार्म हाउस बंमनाई हवेली पर आयोजित की गई। जिसमें कई निर्णय लिए गए। बैठक में पेंशन गारंटी, महंगाई राहत केंद्र के समान समय से देने ,65, 70, 75, 80 पर 5 प्रतिशत पेंशन बढ़ाने पर चर्चा हुई। गुल मोहर, जामुन, कंजी, आम आदि के पौधे लगाए। पदम जैन, प्रदीप गुप्ता, गजराज सिंह रामभरोसा साहू सभी साथियों ने वृक्षारोपण किया। बैठक में पेंशनर संघ से अशोक शर्मा, दिनेश बिरथरे, महेश शर्मा, बालचंद, उपस्थित रहे। इसमें शाखा के वरिष्ठ साथी हरवंश जुनेजा, विधि प्रभारी व्हीएस पराशर भी थे, शाढौरा, नईसराय, ईसागढ़, चंदेरी से भी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

12 ज़ायरीन का जत्था उमराह के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



चंदेरी से 12 ज़ायरीन का एक जत्था उमराह की अदायगी के लिए मक्का-मदीना रवाना हुआ। 15 दिवसीय इस यात्रा के दौरान ज़ायरीन अल्लाह की इबादत और काबा शरीफ़ के दीदार करेंगे। इस जत्थे में 22 माह का अवोध बालक अमान खान भी शामिल है, जिसकी मौजूदगी को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह है। रवानगी से पूर्व मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट इदरीस ख़ान पठान, उर्स कमेटी सदर सैयद शाहनवाज हासमी, हाजी अज़ीज़ भाई, एडवोकेट अनीस उल्ला खान और निशात पठान ने ज़ायरीन को मुबारकबाद दी। इदरीस ख़ान पठान ने ज़ायरीन से दुआओं की दरख्वास्त करते हुए बारगाह-ए-रिसालत में सलाम पेश करने की गुज़ारिश की। जत्थे में शफ़ीर अहमद, अलीशा बानो, समीर अहमद, निशी बानो, अमान अहमद, लाड़ले ख़ान, फरीदा बानो, इशरत मिस्त्री, असद उल्लाह, रजिया बानो और शाकिरा बी शामिल हैं।

उपयंत्री अशोक गुप्ता और सूर्यकान्त त्रिपाठी सहायक यंत्री बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय लोक निर्माण विभाग में पदस्थ उपयंत्री अशोक गुप्ता को मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी की गई सूची के आधार पर उपयंत्री से सहायक यंत्री के पद पर पदोन्नत किया गया है। मध्यप्रदेश में 95 उपयंत्रियों को सहायक यंत्री बनाया गया है उसमें अशोकनगर से एकमात्र अशोक गुप्ता शामिल हैं। इसी प्रकार उपयंत्री सूर्यकान्त त्रिपाठी जो कृषि उपज मंण्डी में उपयंत्री के पद पर पदस्थ थे उन्हे भी सहायक यंत्री बनाया गया है। मण्डी बोर्ड के द्वारा जारी की गई सूची में 28 उपयंत्रियों को सहायक यंत्री बनाया गया है। अशोकनगर मण्डी में अभी तक सहायक यंत्री का पद नहीं था, जिले में यह पहला पद अशोकनगर मण्डी में बनाया गया है।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिजौदा निवासी सुरेखा जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मांगीलाल और पवन जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमनावर निवासी सानू जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी 4 अज्ञात लोगों ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी इन्द्रपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाबरौद निवासी पप्पू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गणेशराम अहिरवार एवं उसकी पत्नि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम अमरोद में बहादुर सिंह यादव के फार्म हाउस पर भजन पुत्र गंगाराम आदिवासी निवासी अमरौद उम्र 40 साल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

बैंक खाते से 50 हजार निकाले, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ईसागढ निवासी चन्द्रजीत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी के मोबाइल पर लिंक भेजकर धोखाधड़ी कर बैंक खाते से 50 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

सामुदायिक भवन से सामान चोरी

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत राधेलाल पुत्र मुन्नालाल कोली निवासी चकला बावडी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछोर वायपास रोड स्थित कोली समाज के सामुदायिक भवन से केवल,बोर की मोटर, 1000 लीटर की पानी की टंकी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए,पुलस ने अज्ञातों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जिले को प्राप्त हुई एन.एफ.एल. कंपनी यूरिया की रैक

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को एन.एफ. एल. कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। रैक से 2867 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबललॉक केन्द्र अशोकनगर को 882 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली को 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई को 250 मे.टन. एम.पी. एग्रो अशोकनगर 106 मेट्रिक टन यूरिया कृषकों को वितरण हेतु प्रदाय किया गया है।

खनिज विभाग अशोकनगर को सौंपा गया मामला

प्रशासन का बड़ा चाबुक, अवैध रेत से भरे तीन ओवरलोड ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी में लंबे समय से फल-फूल रहे अवैध रेत परिवहन और ओवरलोडिंग के काले कारोबार पर प्रशासन ने बड़ी स्ट्राइक की है। बुधवार सुबह प्रशासनिक अमले ने अचानक दबिश देकर अवैध रेत से लदे तीन भारी ट्रकों को मौके से धर दबोचा। इस कार्रवाई के बाद से ही क्षेत्र के भू-माफिया और रेत तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।





थाने के आगे चला चेकिंग अभियान, मौके से धराए डंपर

प्राप्त जानकारी के अनुसार,चंदेरी नगर से लगातार अवैध रेत से भरे ओवरलोड वाहनों की आवाजाही की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बुधवार तड़के नायब तहसीलदार और पटवारी (हल्का पटवारी) की संयुक्त राजस्व टीम ने चंदेरी थाने के आगे मुख्य मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान तेज रफ्तार से निकल रहे तीन बड़े ट्रकों को रोककर जांच की गई। जांच में पाया गया कि तीनों वाहनों में चिंकारा (रेत का प्रकार/रॉयल्टी विवरण) के तहत तय सीमा से कहीं अधिक मात्रा में अवैध रेत ठूंस-ठूंस कर भरी गई थी। जब प्रशासनिक अधिकारियों ने वाहन चालकों से रेत के परिवहन, रॉयल्टी और अन्य आवश्यक वैध दस्तावेज मांगे,तो चालक कोई भी सही कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रकों को जब्त कर लिया।

सिंध नदी से निकाली जा रही रेत, गुना के खनन माफिया कारोबार में जुटे

गुना और अशोकनगर जिले के बीच बहने वाली सिंध नदी से बड़ी मात्रा में इन दिनों खनिज माफियाओं द्वारा रेत निकाली जा रही है, रात को और सुबह के समय इन खनिज माफियाओं रेत निकालने का काम शुरू होता है जो लगातार चल रहा है। प्रतिदिन 15 से 20 ट्राली रेत निकाली जा रही है, जब भी अशोकनगर का प्रशासन दबाव बनाता है तो रेत माफिया अशोकनगर की ओर से भाग जाते हैं, यह रेत अशोकगर जिले में खैजरा अटारी और पीलीघटा गांव के पास से भी निकाली जा रही है। जिला खनिज अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि हमारे द्वारा कार्यवाही करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन हम पर अमला नहीं है, इन रेत माफियाओं द्वारा रेत निकाल कर अपने घरों पर स्टॉक किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि पूर्व सरपंच द्वारा भी उन्हें धमकी दी गई है, इसी प्रकार सोवत,नईसरायं और पोरूखेडी में भी खनिज निकालने का काम बडे पैमाने पर हो रहा है, हमारे द्वारा कार्यवाही लगातार की जा रही है लेकिन खनिज माफिया हमें देखते ही भाग जाते हैं। ऐसी स्थिति में गुना और अशोकनगर जिले के प्रशासन को सामुहिक रूप से प्रतिदिन अभियान चलाना चाहिए ताकि खनन माफियाओं पर रोक लगाई जा सके। इन दिनों जिले में वर्षा थमी हुई है और नदियों में पानी नहीं है जिसका लाभ खनन माफिया उठा रहे हैं।

तहसीलदार की सूचना पर कार्यालय से बना प्रकरण

कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट चंदेरी तहसीलदार द्वारा तत्काल अनुविभागीय अधिकारी को सौंपी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अनुविभागीय कार्यालय द्वारा मामले में वैधानिक केस (प्रकरण) तैयार किया गया। इसके उपरांत, आगे की दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई के लिए पूरा मामला जिला मुख्यालय स्थित खनिज विभाग अशोकनगर को प्रेषित कर दिया गया है। अब खनिज विभाग इन वाहनों पर भारी जुर्माना लगाने और जब्ती की अग्रिम कार्रवाई करेगा।

आए दिन ओवरलोड डंपरों से थरा रहा नगर, हादसों का बना रहता है डर

देखा जाए तो चंदेरी नगर में आए दिन अवैध रेत से लदे डंपर और ट्रक बेधड़क दौड़ते नजर आते हैं। क्षमता से अधिक रेत भरे होने के कारण नगर की सड़कें न केवल समय से पहले जर्जर हो रही हैं, बल्कि दिन-रात हादसों की आशंका भी बनी रहती है। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेत माफिया रात के अंधेरे से लेकर अलसुबह तक नगर की मुख्य सड़कों का इस्तेमाल अवैध परिवहन के लिए करते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई की सराहना करते हुए मांग की है कि यह अभियान महज एक दिन की कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि इस तरह के चेकिंग अभियान लगातार चलाए जाएं ताकि चंदेरी को अवैध खनन और ओवरलोडिंग के इस खेल से पूरी तरह मुक्त कराया जा सके।

निराकरण नहीं हुआ तो करेंगे हड़ताल

बस ऑपरेटर यूनियन ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय बस ऑपरेटर संचालकों ने अपर कलेक्टर अशोकनगर को एक ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्रदेश भर के बस संचालकों की सागर में बैठक हुई थी उसमें 7 मांगे पूर्ण करने की मांग की गई थी, इन मांगों को लेकर बस संचालकों ने अशोकनगर में वुधवार को ज्ञापन सौंपा और कहा कि अगर 7 अगस्त तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो बस संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएगें।

ज्ञापन के बिन्दु

1. म.प्र. राज पत्र 7 जुलाई 2026 में का बस व्यवसाय समाप्त करने की ओर कदम है शासन इंदौर संभाग के बाद उज्जैन संभाग जबलपुर संभाग सागर संभाग रीवा संभाग ग्वालियर-चंबल संभाग नर्वदापुरम संभाग टुकडो टुकडो में मार्गो की स्कीम लाकर राष्ट्रीयकरण कर प्रदेश के बस मालिकों का व्यवसाय समाप्त करना चाहती है।

2. टेण्डर के द्वारा रॉयल्टी लेने की तैयारी है इसे रोका जावे जब यात्री बस एवं ड्रायवर, कण्डेक्टर, हेल्पर संचालित दूरी का कर, डीजल, टूट-फूट मेन्टेनेस सब कुछ हमारा रहेगा तो रॉयल्टी एवं कमीशन किस बात का अतः प्रकाशित टेण्डर दिनांक 06/07/2026 निरस्त किया जावे।

3. यात्री बसों का किराया निर्धारण 2021 में हुआ था वर्षों से मंहगाई के अनुरूप किराया बढ़ाने की मांग की जा रही है दिनांक 15/06/2026 को किराया निर्धारण बोर्ड की बैठक हो चुकी है। उस में 2.50 पैसे/कि. मी. किराया करने का प्रस्ताव रखा गया था परंतु आज दिनांक तक किराया वृद्धि नही की गई।

4. परिवहन विभाग द्वारा जिन नवीन यात्री वाहनों का पंजीयन किया जा चुका है उन्हे बैध माना जाये कोई कार्यवाही न की जाये एवं जो करीब 1200 बसे बनकर पंजीयन के लिए तैयार खडी है। उन्हे मोटरयान अधिनियम 1988 धारा 110 मे दी गई शक्तियो का प्रयोग करते हुये राज्य शासन केन्द्र सरकार के नियमों में समय वृद्धि छूट देकर इन वाहनों को पंजीबद्ध किया जावे।

5. यात्री बसों के परमिट स्वीकृत करते समय यात्री बसों की आयु 15 वर्ष सीमा समाप्त की जाये एवं पर्व से संचालित बसों को केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम के अनुसार फिटनेश की वैधता होने तक संचालन की अनुमति रहै।

6. प्रदेश में संचालित अन्तराज्यीय स्थाई परमिटों के नवीनीकरण किये जावे एवं पूर्व से जो अस्थाई परमिट स्वीकृत किये जा रहे थे। उन्हें नियमानुसार निरन्तर जारी किया जावे।

7. परिवहन सचिव के निर्देश के उपरांत परिवहन कार्यालय के अधिकारी या तो कार्यालय आते नही है या आते है तो समय पर नही आते एवं उन के द्वारा परमिट के नवीनीकरण संबंधी अन्य कार्य समय पर न किया जा कर बस मालिकों का शोषण किया जा रहा है इस में सुधार किया जावे।

मोबाइल कोर्ट ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे के निर्देशन में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं मोटरयान अधिनियम का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया।



दस्तावेजों की जांच की गई

नईसराय तिराहा शाढौरा पर न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षिता शर्मा गौड़ द्वारा मोबाइल कोर्ट लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बीमा, वाहनों की नंबर प्लेट, वाहनों पर रिफलेक्टर, यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र, फिटनेस, एवं वाहनों के अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। अभियान के दौरान विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं अन्य शासकीय विभागों के वाहनों की भी जांच की गई। इस दौरान जनपद पंचायत, पोस्ट ऑफिस तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के वाहनों में भी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। साथ ही विभिन्न अधिकारियों के वाहनों के दस्तावेजों की भी जांच की गई। जांच के दौरान संयुक्त कलेक्टर विकास कुमार आनंद भी प्राइवेट वाहन से निकले, जिनके वाहन के दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें दस्तावेज पूर्ण पाए गए। आमजन से लेकर जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी सभी के वाहनों के दस्तावेज चेक किए गए।

न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल गुप्ता, सुश्री प्रिया चैहान एवं शुभम द्विवेदी द्वारा भी शहर के विभिन्न स्थानों पर मोबाइल कोर्ट आयोजित कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। मोबाइल कोर्ट के माध्यम से वाहन चालकों एवं आमजन को समझाइश दी गई कि मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियम केवल दंडात्मक कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। इस दौरान 50 से 60 मामलों में मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई तथा कुल 25 से 30 हजार रूपए की चालानी कार्यवाही की गई।



नगर पालिका परिषद की सामान्य बैठक संपन्न

अशोकनगर। नगर पालिका परिषद अशोकनगर की सामान्य परिषद की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में शासन द्वारा नियुक्त एल्डरमैनों का मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने परिषद के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समस्त पार्षदों एवं एल्डरमैनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार वर्षों में परिषद ने जनहित एवं नगर विकास के अनेक कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य किया है और आगे भी नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। बैठक में नगरहित एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर परिषद द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सभी पार्षदों एवं एल्डरमैनों ने नगर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा, सीएमओ विनोद उन्नीतान,पार्षद महेंद्र भारद्वाज,पार्षद प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज पार्षद निक्की मोनू रघुवंशी, पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी, पार्षद हेमलता धर्मेंद्र रघुवंशी,पार्षद रचना मनीष धुरेंटे,पार्षद डॉक्टर जयमंडल यादव, पार्षद कृष्णा संजीव जाटव, पार्षद गीता आर्य, गोविंद सिंह संधू, पार्षद रशीद खान चिन्ना, शशि गोपाल ओझा, पार्षद रवि राजकुमार यादव, पार्षद रितेश जैन आजाद, पार्षद शालिनी योगेश खेरा, आयुषी जैन सतपाल लोधी। एल्डरमैन मैन जयप्रकाश अग्रवाल, दीपक सोनू सुमन, राकेश शर्मा, वर्षा वडुकुल मालती सेन सहित नगर पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

व्यवस्थाओं के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर ने मुंगावली में किया सिविल अस्पताल सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बुधवार को मुंगावली भ्रमण कर विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगामी 07 अगस्त को ग्राम पंचायत बीड सरकार में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शिविर में सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान मॉडल स्कूल, सिविल अस्पताल, नेहरू डिग्री कॉलेज मुंगावली तथा आंगनवाडी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय तथा पंचायत भवन बीड सरकार का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल मुंगावली में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को जायजा लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखे जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अस्पताल के जन्म,मृत्यु पंजीयन कक्ष में पहुंचकर जन्म,मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जन्म,मृत्यु प्रमाण पत्र आमजन से समय सीमा में प्रदान किया जाए। जिससे कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से परेशान न हो। उन्होंने एएनसी अंतर्गत दर्ज गर्भवती माताओं की जानकारी ली। साथ ही प्रसव उपरांत गर्भवती माताओं को मिलने वाली प्रसूति सहायता योजना के लाभ के बारे में जानकारी ली।

शिक्षक बनकर कलेक्टर ने बच्चों को पढाया



कलेक्टर द्वारा मुंगावली भ्रमण के दौरान शासकीय मॉडल स्कूल मुंगावली पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षक बनकर बच्चों को गणित विषय से संबंधित प्रश्नों को बोर्ड पर हल करके बताया। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,एसडीएम मुंगावली बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आलोक प्रताप इटोरिया सहित संबंधित साथ रहे।

पटवारियों की हड़ताल से कई कार्य प्रभावित

पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वुधवार को पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर नई तहसील परिसर में धरना प्रारम्भ कर दिया है। जिला पटवारी संघ द्वारा इन मांगों को लेकर दिए जा रहे धरने से आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने कहा कि उनकी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर यह धरना किया जा रहा है।

हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले में कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं, आमजनों को पटवारी कार्यालय के चक्कर लगाते हुए देखा जा सकता है। जो कार्य प्रभावित हो रहे हैं उनमें जनगणना, जन विश्वास अभियान, पीएम किसान योजना, फार्मर रजिस्ट्री आईडी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के अलावा, तहसील और अन्य विभागों के कार्य शामिल हैं।

ये हैं मांगे

- कैडर-रिव्यू एवं वेतनमान, पदोन्नति
- जजेस प्रोटेक्शन एक्ट
- पदाधिकारियों के नियमविरुद्ध तबादलों की बापसी जो शासन की तबादला नीति के विरुद्ध है।
- नायव तहसीलदार की विभागीय परीक्षा।
- वित्तीय लंबित भुगतान जैसे स्वामित्व, सिंचाई संगणना, कृषि संगणना के मानदेय।

प्रशासन ने अवैध रूप से शराब के विक्रय को लेकर जांच के निर्देश दिए

चंदेरी-अशोकनगर मार्ग पर ग्रामीणों ने बोला हल्ला

आधे घंटे ठप रहा यातायात महिलाओं का गुस्सा फूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा सहित आसपास के अंचल में पिछले लंबे समय से बेखौफ फल-फूल रहे अवैध शराब के काले कारोबार ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। स्वीकृत दुकानों की आड़ में गांव-गांव तक गाड़ियों में भरकर पहुंचाई जा रही शराब से तंग आकर आखिरकार बुधवार को ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित महिलाओं और पुरुषों ने सुबह करीब 11 बजे चंदेरी-ईसागढ़-अशोकनर मुख्य मार्ग पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया। सड़क पर बैठ कर की गई इस नारेबाजी के कारण लगभग आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा,जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रशासनिक अमले में मचा हड़कंप समझाइश के बाद खुला जाम

मुख्य मार्ग पर चक्काजाम की खबर मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अमले में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर,एसडीओपी महेश शर्मा, तहसीलदार दिलीप दरोगा एवं थाना प्रभारी प्रशांत यादव पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अवैध शराब के खिलाफ त्वरित व सख्त कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। अधिकारियों की समझाइश और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। इस प्रदर्शन में केवल नया खेड़ा ही नहीं,बल्कि समीपवर्ती ग्राम हालनपुर और गोरा सेहराई,तगरी की महिलाओं व पुरुषों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



दर्दनाक आपबीती शराब की लत से अनाथ हो रहे बच्चे, विधवा हो रही महिलाएं

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि शराब ठेके (कलारी) से जुड़े लोग रोजाना वाहनों में शराब भरकर गांव की गलियों तक पहुंचा रहे हैं। इस सुलभ उपलब्धता के कारण गांव का माहौल पूरी तरह से जहरीला हो चुका है। शराब की लत में डूबे पुरुष आए दिन घरों में मारपीट और गृह-क्लेश करते हैं। इसी तबाही को रोकने के लिए मजबूरन उन्हें अपनी लाज-शर्म छोड़कर सड़कों पर उतरना पड़ा।

नियमों की धज्जियां उड़ा रहे ठेकेदार

विदित हो कि चंदेरी क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा मात्र दो शराब दुकानें स्वीकृत की गई हैं, जिन्हें नियमानुसार केवल अपनी तय सीमा में ही शराब बेचने का अधिकार है। लेकिन मुनाफाखोरी के चक्कर में ठेकेदारों द्वारा नियम-कायदों को ताक पर रखकर गांव-गांव में अवैध दुकानें और पैकारी संचालित करवाई जा रही है। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि इस चक्काजाम के बाद भी गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगा, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। ग्रामीणों के अनुसार, यदि ठेकेदारों की मनमानी और अवैध बिक्री पर रोक नहीं लगी, तो वे उग्र आंदोलन करने और अनिश्चितकालीन समय के लिए पुनः सड़कों पर बैठने को बाध्य होंगे।

एसडीएम ने जारी किए निर्देश

हमने चंदेरी थाना पुलिस को लिखित आदेश जारी कर अवैध रूप से शराब का परिवहन और बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आबकारी विभाग को स्पष्ट कहा गया है कि वे जांच करें कि स्वीकृत कलारी से कौन लोग गाड़ियों में भरकर गांवों में शराब भेज रहे हैं। संबंधित ठेकेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी। ग्राम पंचायत को भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि गांव में कोई बाहरी व्यक्ति शराब बेचता दिखाई दे, तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

मनीष धनगर, एसडीएम, चंदेरी

मध्यान्ह भोजन के लिए सरकार के बर्तन खरीदी पर करोड़ों खर्च, फिर भी बच्चे खा रहे कागज में भोजन

पीएमश्री बालक हायर सेकंडरी स्कूल में गीले फर्श पर भोजन, पास में मंडराते कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/सुठालिया



प्रदेश सरकार ने शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन जैसी योजनाओं को संचालित करने में विद्यार्थियों के लिए बर्तन दिलवाने में भले ही करोड़ो रुपयों को खर्च कर दिया हो, लेकिन नगर में संचालित पी.एम. श्री बालक हायर सेकंडरी स्कूल सुठालिया के बच्चों को सहीं से भोजन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। जहा पर बुधवार को मामला सामने आया कि लंच की घंटी बनजे के बाद में बच्चे लाइन लगाकर नहीं, बल्कि गीले फर्श पर बैठ गए। सामने स्टील की थाली की जगह रद्दी कागज के टुकड़े बिछे थे। उसी बरामदे में, जहाँ कुछ देर पहले बारिश का पानी भरा था, 4-5 बच्चे चुपचाप उसी रद्दी कागज पर रोटी-सब्जी खाने लगे। उनके ठीक पास एक कुत्ता भी खड़ा था। यह तस्वीर शासन के स्वच्छ, स्वस्थ और सम्मान जनक मध्यान्ह भोजन के दावों और शिक्षा विभाग की मॉनिटरिंग, दोनों की पोल खोल रही है।

बर्तन के पैसे आए, पर थाली की जगह रद्दी मिली

लोगो का आरोप है कि हर वर्ष मध्यान्ह भोजन के लिए शासन द्वारा स्कूल को लाखों रुपये के स्टील बर्तन, टेबल-कुर्सी के लिए राशि दी जाती है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बच्चों को बर्तन देने के बजाय रद्दी कागजों में भोजन परोसा जा रहा है। 'सरकार बर्तन के नाम पर पैसा भेजती है, अफसर निरीक्षण करते हैं, पर हमारे बच्चों को कागज पर खाना पड़ रहा है। ऊपर से कुत्ते भी घूमते हैं। कोई बीमार पड़ गया, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ?

शिक्षा विभाग की नाक के नीचे सामने आई बड़ी लापरवाही

सबसे बड़ा सवाल यह है कि स्कूल में ड्यूटी पर तैनात शिक्षक और भोजन प्रभारी यह सब देखकर भी चुप क्यों हैं? नियम के अनुसार, मध्यान्ह भोजन के समय एक शिक्षक की ड्यूटी अनिवार्य है, ताकि स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। लेकिन यहाँ न बैठने की व्यवस्था है, न बर्तन, और न ही किसी की निगरानी। स्थानीय लोगों का कहना है, क्या शिक्षक अपनी ड्यूटी से मुँह मोड़कर छुपी ड्यूटी कर रहे हैं? या फिर विभाग को इसकी जानकारी ही नहीं है?

मेनू से बनने वाला भोजन भी कागजों तक सीमित

शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन का साप्ताहिक मेनू निर्धारित कर रखा है, लेकिन स्कूलो में देखने में आ रहा है कि मेनू अनुसार बनने वाला भोजन तो सिर्फ कागजो तक ही सीमित रह गया है। जिसमें दाल, सब्जी, फल और अंडेध्दूध तक शामिल हैं। लेकिन स्कूल में बच्चों को रोज वही सूखी रोटी-सब्जी, रद्दी कागज परोसी जा रही है। न मेनू का पालन हो रहा है, न गुणवत्ता की जांच। कागजों में मेनू कुछ और है, थाली में रद्दी और कुछ और है।

स्वच्छता की उड़ी धज्जियाँ, नियम कागजों में

तस्वीर में साफ दिख रहा है कि बच्चे बरामदे में रद्दी कागज पर बैठकर खा रहे हैं, फर्श गीला है। सफाई का अता-पता नहीं। भोजन के समय परिसर में कुत्ते का होना स्वास्थ्य के लिए सीधा खतरा है। शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि बच्चों को साफ जगह और स्टील की थाली में भोजन दिया जाए, पर यहाँ वे निर्देश रद्दी की तरह फेंके जा रहे हैं।

इनका कहना है...

मुझे आपके द्वारा यह जानकारी मिली है, मैं तत्काल इस मामले को आज ही दिखवाता हूं अगर जांच में पाया गया तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-सावन पाटीदार, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़

धरती का सीना छलनी, पर्यावरण और शासन के राजस्व को भारी नुकसान

क्षेत्र के अनेक गांवों में धड़ल्ले से जारी अवैध उत्खनन, माफिया बेखौफ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांरगपुर

विकासखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अवैध उत्खनन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। क्षेत्र के अनेक गांवों में मुरम का अवैध खनन खुलेआम किए जाने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी संख्या में डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात मुरम का परिवहन करती हुई देखी जा सकती हैं, जबकि क्षेत्र में वर्तमान में कोई वैध शासकीय मुरम खदान संचालित नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में मुरम कहां से निकाली जा रही है और उसका परिवहन किस आधार पर हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अवैध रूप से निकाली जा रही मुरम का उपयोग विभिन्न निर्माण कार्यों एवं सड़क निर्माण में किया जा रहा है। आरोप है कि कुछ ठेकेदार भी शासन के निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध मुरम का उपयोग कर रहे हैं, जिससे शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है। यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाए तो बड़े स्तर पर अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है।

क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित रहती है। इक्का-दुक्का प्रकरण दर्ज कर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि अवैध उत्खनन का सिलसिला लगातार जारी रहता है। इससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

हालुहेड़ी कला में हुई प्रशासन की कार्रवाई

इसी बीच मंगलवार देर रात पचोर क्षेत्र के ग्राम हालुहेड़ी कला में अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन जब्त की। इस कार्रवाई को लेकर लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह लगातार और व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए तो अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। हालांकि, एक कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में फैले अवैध कारोबार पर रोक लगना मुश्किल माना जा रहा है। सारंगपुर, पचोर और आसपास के अनेक गांवों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मुरम से भरे वाहन गुजरते देखे जा सकते हैं। लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग संयुक्त रूप से जांच कर अवैध उत्खनन करने वालों, परिवहन में शामिल वाहनों तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें।

इनका कहना है..

हालूहेड़ी कला में अवैध खनन की जानकारी लगते ही में माइनिंग अधिकारी मौके पर पहुंचे मौका पंचनामा बनाकर आवश्यक कार्य के लिए लिखा गया है।

-नीलम पारसेदिया, तहसीलदार

परिवहन विभाग ने बिना परमिट व दस्तावेज वाहनों पर कार्रवाई की

तीन बसें जब्त कर 11 हजार का जुर्माना ठोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में यात्री सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा मोटरयान अधिनियम के प्रभावी पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिला परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को पचोर क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना वैध परमिट एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालित तीन बसों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त किया गया तथा विभिन्न प्रकरणों में कुल 11 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य ने बताया कि जांच के दौरान बीटी रोड स्थित पचोर-बिलापुर मार्ग पर एक यात्री बस बिना वैध परमिट के संचालित पाई गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बस को तत्काल जब्त कर थाना पचोर में सुरक्षित खड़ा कराया गया।

इसी क्रम में उदनखेड़ी स्थित संस्कृति विद्यालय की दो स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान दोनों बसों के आवश्यक दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जाने पर उन्हें भी जब्त कर थाना पचोर में रखा गया। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि तीन दिवस के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर विभाग के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कृष्णा मॉडर्न स्कूल की एक बस बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित पाई गई, जिसके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया।

अकोदिया रोड पर हादसा

50 वर्षीय व्यक्ति को बस ने रौंदा, मौत के बाद अस्पताल में परिजनों का हंगामा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

बुधवार को अकोदिया रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार श्यामबाबू सेन (50) पिता रामचंद्र सेन निवासी ग्राम कुम्हारिया पाल, अकोदिया रोड पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए।

बताया जा रहा है कि इंदौर से इकलेरा मार्ग पर चलने वाली शिव शक्ति बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल श्याम बाबू को तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर बस को जब्त कर लिया है। श्यामबाबू की मौत की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए।

ग्राम भानपुरा में ब्रह्माकुमारीज द्वारा कलश यात्रा निकालकर सात दिवसीय गीता प्रवचन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जीरापुर एवं गोपाल-कमलाबाई दांगी द्वारा भानपुरा में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ कलशयात्रा निकालकर किया। यात्रा ढोल एवं बेंड बाजे पर भगवान के भजनों की धूम से कलश यात्रा गोपाल दांगी के निवास से गांव में गली मोहल्ले से होती कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पर परमात्मा स्मृति, दीप प्रज्वलित कर प्रवचन का शुभारंभ किया। प्रवचनकर्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने बताया कि शक्ति प्रदान करने का एकमात्र साधन सर्व शास्त्रमयी शिरोमणि श्रीमद्भगवद्गीता है। जब मन किसी उलझन में होता है, परेशानी से गिर जाता है , कमजोरी आ जाती है तो जैसे शारीरिक कमजोरी को दूर करने के लिए टॉनिक पीते हैं। वैसे मन की कमजोरी को दूर करने का साधन गीता शास्त्र है। गीता एक धर्म विशेष का ग्रंथ मात्र नहीं यह मानवता का शास्त्र है जो मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है। हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जिसे अनिश्चितता का युग कहा जाता है। चुनौतियों से भरा समय है, इस समय में गीता ज्ञान ही हमारे अंदर वह शक्ति भर देता है, जिससे हम पुनः समर्थी को प्राप्त कर लेते हैं। गीता शास्त्र का महत्व स्पष्ट करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत गीता में सारे वेद उपनिषद शास्त्रों का सार समाहित है। सर्व शास्त्रों का निचोड़ है इसे समझ लिया तो जीवन में सर्व प्राप्तियों का अनुभव कर सकते हैं। गीता मरते समय नहीं लेकिन जीवन के शुरुआती काल मे ही गीता का अध्ययन व श्रवण कर लेंगे तो सर्व प्रकार की समस्याओं से समाज बचा रहेगा। कौरव और पांडव की विस्तृत आध्यात्मिक रूप से व्याख्या कर कर प्रवृत्ति को जीवन से समाप्त करने की विधियां बताई ।

पुरानी से नई बिल्डिंग में शिफ्ट

आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ लखनवास का हॉस्पिटल



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लखनवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब पुरानी बिल्डिंग से निकलकर नई आधुनिक बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया है। बुधवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अस्पताल का संचालन नई बिल्डिंग में शुरू किया गया। नई बिल्डिंग में मरीजों को कई आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

इन सुविधाओं से मिलेगा लाभ

- **महिला-पुरुष वार्ड अलग-अलगः** अब मरीजों के लिए-अलग वार्ड की व्यवस्था की गई है।
- **पानी की बेहतर व्यवस्थाः** पीने के पानी के लिए नई तकनीक से जांच की सुविधा उपलब्ध होगी।
- **दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता-** मेडिकल में सभी जरूरी गोलियां और दवाइयां पर्याप्त मात्रा में मिलेंगी।

बिल्डिंग का लंबे समय से चल रहा इंतजार खत्म

लखनवास के चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा ने बताया हम कई दिनों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। आज भगवान की कृपा से पूजा अर्चना कर नई बिल्डिंग में शिफ्ट हुए हैं। यहां मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर डॉक्टर टीम एवं गांव वाले उपस्थित रहे। जिनमें डॉ. रमेश, डॉ. विजय सिंह, डॉ. मधु, नर्स स्टाफ, गांव के पटेल देवी सिंह, बाबूलाल मीणा, डाक्टर विष्णु साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार का आभार जताया जिन्होंने अस्पताल भवन की स्वीकृति दिलाई थी। लोगो का कहना है कि मंत्री जी खुद क्षेत्र का विकास करा रहे हैं।

जनता की मांग, 24 घंटे डॉक्टर और एंबुलेंस

वहीं लखनवास गांव एवं क्षेत्र की जनता का कहना है कि लखनवास बहुत बड़ा क्षेत्र है। यहां 24 घंटे डॉक्टर की ड्यूटी होनी चाहिए और एक महिला डॉक्टर भी होना चाहिए। साथ ही डिलीवरी केस के लिए अस्पताल में एंबुलेंस का पॉइंट भी बने ताकि मरीजों को दूर जिला अस्पताल न जाना पड़े। इससे विशेषकर गर्भवती महिलाओं को बहुत राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने अस्पताल शिफ्ट होने पर खुशी जताई और शासन व चिकित्सा विभाग का आभार माना।

भारतीय किसान संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी

किसानों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



भारतीय किसान संघ, तहसील इकाई सारंगपुर ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार शैलजा मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। ज्ञापन में सारंगपुर तहसील के कई गांव वर्ष 2025 की खरीफ फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं, जबकि प्राकृतिक आपदा से सभी गांवों की फसल प्रभावित हुई थी। किसानों ने वंचित गांवों को तत्काल फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में लगातार हो रही बिजली कटौती का मुद्दा भी उठाया गया। किसान संघ ने कहा कि अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण सिंचाई सहित कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए किसानों को पर्याप्त एवं नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा जंगली सूअर, नीलगाय, हिरण तथा अन्य जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान पर चिंता जताते हुए किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए स्थायी एवं प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की गई।भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 15 अगस्त के बाद संगठन किसानों के साथ धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन करेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में बद्रीलाल पाल,भगवान सिंह परिहार,शिव यादव,चंद्र प्रकाश,किशोर सिंह,राहुल सिंह सहित भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसान मौजूद थे।

तिरंगा यात्रा को भव्य बनाने जुटी भाजपा, मंडल स्तर पर हुई रणनीति बैठक

देशभक्ति की भावना से कार्यकर्ता निभाएं जिम्मेदारीः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



10 अगस्त को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को सफल एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से बुधवार दोपहर मार्केटिंग सोसायटी परिसर में कुरावर एवं झाड़ला मंडल भाजपा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, तैयारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को यात्रा से जोड़कर इसे ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के कार्यों को गति दे रही है और भ्रम फैलाने वालों की बातों में आने के बजाय जनहित के कार्यों को जनता तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि तिरंगा यात्रा प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। बैठक को भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई एवं रवि मीना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने किया।

कार्यालय मंत्री श्याम मंडलोई, तिरंगा यात्रा के सहसंयोजक जगदीश रुहेला, जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, गंगाप्रसाद चैधरी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश जागीरदार, कैलाश राज मौजूद रहे।

होली एंजल्स किड्स एकेडमी में दिखा शिक्षा का उत्कृष्ट संगम

प्रतिभाओं का सम्मान और लोकतंत्र का पाठ, विद्यालय संसद ने ली शपथ

प्रदेश में दूसरा स्थान लाने पर अर्ची माहेश्वरी को 20 हजार का चेक दिया, 26 का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी का भी आधार है। इसी सोच को साकार करते हुए होली एंजल्स किड्स एकेडमी, कुरावर में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विद्यालय संसद (स्कूल पार्लियामेंट) के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश, जिला एवं नगर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, वहीं लोकतांत्रिक परंपरा को बढ़ावा देने के लिए छात्र संसद के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, विशिष्ट अतिथि बीआरसी सुरेंद्र सिंह भदौरिया तथा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालप्रसाद चन्द्रवंशी रहे। दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यार्थियों के स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समारोह का सबसे भावुक और गौरवपूर्ण क्षण तब आया, जब मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की छात्रा अर्ची माहेश्वरी को विद्यालय परिवार द्वारा 20 हजार का प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय के साथ-साथ कुरावर और राजगढ़ जिले का भी गौरव बढ़ाया। इसके साथ ही कक्षा 12वीं के अर्ची माहेश्वरी, पुष्पराज सिंह उमठ एवं गुंजन माहेश्वरी, कक्षा 10वीं के विकास मीणा, आकांक्षा हाड़ा एवं युवराज सिंह हाड़ा, कक्षा 8वीं के अनुराग मीणा, रॉबिन फ्रांसिस एवं लक्ष्यराज सिंह हाड़ा तथा कक्षा 5वीं की याशिका नामदेव, अष्टमी अग्रवाल एवं गुंजन सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के अंतर्गत लाभान्वित 26 विद्यार्थियों का भी विशेष सम्मान किया गया। अपने संबोधन में विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और नेतृत्व ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर परिश्रम करने और उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा दी। वहीं बीआरसी सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।